शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) "कन्टम्पोरेरी इंडियन लिटरेचर" का हिन्दी संस्करण, जिसका नाम "आज का भारतीय साहित्य" रखा गया है, पहले ही प्रकाशित हो चुका है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Indian Navy

***914. Sardar Iqbal Singh:** Will the Minister of Defence be pleased to state the steps that have been taken to improve the Indian Navy during 1957-58 so far?

The Deputy Minister of Defence (Shri Raghuramaiah): A statement is laid on the Table of the Lok Sabha. [*See* Appendix V, annexure No. 4]

चीनी सैनिक शिष्टमंडल

*९१५. श्री भक्त दर्शन :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सिद्धनंजप्पा :
श्री हेम बरुआ :
सरदार इकबाल सिंह :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री २६ नवम्बर, १९५७ के तारांकित प्रश्न संख्या ४९२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी लोक गणराज्य के सरकारी सैनिक शिष्टमंडल ने इस बीच भारत की यात्रा की है ;

(ख) उनकी यात्रा का क्या उद्देश्य था ;

(ग) वे भारत में कब आये और इस देश में कितनी अवधि तक रहे ; और

(घ) उन्होंने किन किन जगहों और संस्थाओं को देखा ?

प्रतिरक्षा उपमंत्री (सरदार मजीठिया) : (क) जी हां ।

(ख) यह एक सद्‌भावना प्रतिनिधि मण्डल था और हमारे सशस्त्र सेनाओं के १९५६ में चीन जाने वाले प्रतिनिधि मण्डल के प्रत्युत्तर में आया था ।

(ग) यह प्रतिनिधि मण्डल २२ जनवरी १९५८ को पहुंचा था, और लगभग ६ सप्ताह रहने के बाद ३ मार्च १९५८ को वापस लौटा ।

(घ) एक विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है । [देखिये परिशिष्ट ५, अनुबन्ध संख्या ५]

बुद्ध जयन्ती

११८५. श्री म० ला० द्विवेदी : क्या शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली तथा भारत के अन्य स्थानों में २५००वीं बुद्ध जयन्ती की स्मृति में स्मारक बनाने के हेतु चुने गये स्थानों का विकास करने पर भारत सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की ; और

(ख) अब ये स्थान किस कार्य के लिये काम में लाये जा रहे हैं ?

शिक्षा और गवेषणा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) अब तक, रिज, (नई दिल्ली) पर चुनी गयी जगह का सर्वेक्षण करने पर केवल २७५ रु० का खर्च हुआ है । २५००वीं बुद्ध जयन्ती की यादगार में स्मारक बनाने के लिये केवल यही एक स्थान चुना गया है ।

(ख) इस समय यह रिज के जंगली क्षेत्र का एक भाग है ?

Adult Education

1186. Shri Damani: Will the Minister of Education and Scientific Research be pleased to refer to the reply given